# BE THE CHANGE
## Gender equity in music

# कार्यकारी सारांश

हमारी रिपोर्ट संगीत के क्षेत्र में महिलाओं और लिंग विस्तारक या जेंडर एक्सपान्सिव व्यक्तियों के लिए[1]विशेष रूप से शोषण, मानसिक स्वास्थ्य और केरियर के अवसरों के क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन दर्शाती है। तथापि, शोषण और मारपीट की रिपोर्ट करने में बड़ी कमी रह जाती है, जिनमें प्रवर्तन की कमी और प्रतिशोध का डर बड़े अवरोधक कारण हैं :

### परिवर्तन का मापन करना:
### (2021 से लेकर)

- संगीत के क्षेत्र में 60% महिलाओं ने बताया है कि उन्होंने यौन शोषण का अनुभव किया है।[2] तथापि, यह संख्या 2021 की हमारी रिपोर्ट में 82% से कम हुई है – और दर्शाती है कि प्रगति हो रही है
- लगभग आधी महिलाओं और लिंग विस्तारक व्यक्तियों ने कहा कि उनका आत्म-विश्वास और आत्म-प्रेरणा बेहतर हुए हैं
- लगभग एक तिहाई महिलाओं और लिंग विस्तारक व्यक्तियों का कहना है कि केरियर में प्रगति और प्रमोशन के अवसर बेहतर हुए हैं
- 28% महिलाओं और लिंग विस्तारक व्यक्तियों का कहना है कि कर्मचारियों में विविधता बढ़ी है और 31% का कहना है कि स्वीकृति बढ़ी है
- पुरुषों और महिलाओं के केवल पाँचवे हिस्से का कहना है कि उनकी आय और वेतन बेहतर हुआ है
- महिलाओं और लिंग विस्तारक व्यक्तियों के बहुमत (60%) ने “ऑनलाइन दर्शकों के नकारात्मक, आक्रामक, या अयोग्य व्यवहार,” में कोई परिवर्तन नहीं देखा, जब कि महिलाओं (18%) की तुलना में लिंग विस्तारक व्यक्तियों (27%) की यह कहने की अधिक संभावना है कि यह व्यवहार बढ़ा है

1 लिंग विस्तारक या जेन्डर एक्सपान्सिव: इस रिपोर्ट में सर्वे के उत्तरदाताओं के उस हिस्से को संदर्भित करता है, जिन्होंने यह बताया हो कि वे नॉनबाइनरी, एजेंडर / न्यूट्रॉइ, ट्रांसजेंडर या “अन्य” के रूप में अपनी पहचान करते हैं।
2 यौन शोषण: अनुचित, अवांछित टिप्पणियाँ या यौन प्रकृति के शारीरिक प्रस्ताव।



### कुंजी अनुसंधान
### समझ में अन्तर

- 49% महिलाओं और 41% लिंग विस्तारक व्यक्तियों का कहना है कि संगीत उद्योग लिंग के आधार पर “आम तौर पर भेदभावपूर्ण” है
- इसकी तुलना में केवल 16% पुरुषों ने यह कहा है, जिससे कि “समझ में अंतर” स्पष्ट होता है[3]

### शोषण और मारपीट

- संगीत उद्योग में पाँच में से तीन महिलाओं ने यौन उत्पीड़न का अनुभव किया है और पाँच में से एक ने यौन हमले का अनुभव किया है[4]
- यह अनुभव करने वाली महिलाओं में से 70% से अधिक ने उनकी रिपोर्ट नहीं की थी
- प्रतिशोध का डर और यह सोच कि कुछ बदलेगा नहीं महिलाओं द्वारा रिपोर्ट न करने के सब से आम कारण हैं
- यौन हमलों की रिपोर्ट करने वाली आधे से अधिक (56%) महिलाओं ने कहा कि उनके दावों को अनसुना किया गया खारिज कर दिया गया, लगभग एक तिहाई को इस बारे में चुप रहने को कहा गया था, और 12% ने बाद में नौकरी से निकाला जाना भी देखा

### वेतन में अंतर

- पुरुषों की तुलना में महिलाओं और लिंग विस्तारक व्यक्तियों के यह जानने की दुगुनी संभावना है कि उन्हें उसी या समान भूमिकाओं में कार्यरत अपने सहकर्मियों से कम भुगतान किया जा रहा है (34%, जब कि पुरुषों में यह 17% है)
- पहचान संघटक: अधिकारहीन जाति या मूल वंश की 49% महिलाओं ने जाना है कि उन्हें अपने सहकर्मियों से कम भुगतान किया जाता है

3 समझ में अंतर: वह रुझान जिससे जो भेदभाव के द्वारा प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं होते हैं, उनकी यह समझने की कम संभावना है कि असमानताएं अस्तित्वमान हैं।
4 यौन हमला: बिना दूसरे व्यक्ति की सहमति के जानबूझ कर यौन संपर्क करना या किसी व्यक्ति पर उनकी मरज़ी के खिलाफ यौन क्रिया में शामिल होने के लिए दबाव डालना या उन पर शारीरिक बल का प्रयोग करना।

# BE THE CHANGE

# कार्यकारी सारांश

### परिवर्तन बनना

- महिलाओं और लिंग विस्तारक व्यक्तियों का मानना है कि सत्ता स्थानों में अधिक विविधता, वेतन में पारदर्शिता और उत्पीड़न और मारपीट के लिए जुर्मानों को और सख्ती से लागू करना सकारात्मक परिवर्तन चालित करने में सब से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।
- 15% से कम महिलाएं और लिंग विस्तारक व्यक्ति उद्योग के अधिकारियों पर परिवर्तन लागू करने के लिए भरोसा करते हैं - इसके बदले वे खुद ही परिवर्तन बन रहे हैं

### कार्रवाई पुकार:

सब से पहले, हम संगीत उद्योग से आग्रह करते हैं कि वे समझ में अंतर को कम करने, भुगतान में पारदर्शिता का वचन दें और यौन शोषण और मारपीट से लड़ने पर अपना ध्यान केन्द्रित करें। कार्रवाई पुकार विशेष रूप से इन पहलों को लक्षित करती हैं:

### सभी


- इस रिपोर्ट में मौजूद परिज्ञान पर विचार करें, उसे विस्तृत रूप से साझा करें और इसके बारे में दूसरों से बात करें
- दुराचरण देखते या अनुभव करते समय आवाज़ उठाएं
- BE THE CHANGE in Music संकल्प पर हस्ताक्षर करें और दूसरों को यही करने के लिए प्रोत्साहित करें

### नायकत्व और मानव संसाधन

- सभी नौकरी विवरणों के लिए वेतन का रेंज शामिल करें
- नियुक्ति समितियों और संस्थानों में विविधता लाएं और जहाँ संभव हो वहाँ ब्लाइंड हायरिंग (बिना आवेदनकर्ता का लिंग जाने भर्ती) करें
- INPINK और Women Who Create (विमेन हू क्रिएट) जैसे डेटाबेसों का इस्तेमाल करते हुए नौकरी के लिए आवेदनकर्ताओं के समूह में विविधता लाएं
- नये भर्ती किए गए लोगों को मेंटरशिप और प्रशिक्षण से सहायता प्रदान करें और नियमित रूप से अनाम फीडबैक प्राप्त करके संतोष की देखरेख करें
- नियमित रूप से कर्मचारियों और/या रचनात्मक रोस्टर में विविधता के बारे में आँकड़े प्रकाशित करें और इसके लिए लैंगिक समानता सूचकांक जैसे आधिकारिक मार्गदर्शन का उपयोग करें
- कर्मचारियों के लिए आवश्यक विविधता, समानता और समावेशन प्रशिक्षण की मेजबानी करें
- यौन शोषण और मारपीट की रिपोर्ट करने के लिए गोपनीय अनाम हॉटलाइन बनाएं और दुर्व्यवहार के लिए जुर्माने लागू करें
- संगीत उद्योग संगठनों (फेस्टिवल सहित) के लिए Keychange संकल्प पर हस्ताक्षर करें, जिसका उद्देश्य है अपने कार्य विस्तार में स्व-निर्धारित लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध होकर लैंगिक समानता और विविधता हासिल करना ह

### रचनाकार

- केवल उन साझीदारों के साथ काम करने का वादा करें जिनके कर्मचारी गण में विविधता हो और/ या जिन्होंने लैंगिक समानता को प्रतिबद्धता का संकल्प किया हो
- यूके के म्यूज़िशियन्स यूनियन और अमेरिकन फेडरेशन ऑफ म्यूज़िशियन्स जैसे व्यावसायिक संघों में शामिल हों और उनका समर्थन करें
- दुराचरण की रिपोर्ट करने के लिए हॉटलाइन इस्तेमाल करें (उदाहरण के लिए, न्यूयॉर्क की Local 802)
- महिलाओं को अपने लिए आवाज़ उठाने से रोकने वाले सत्ता असंतुलन की पहचान करें और सभी यौन संपर्क, शाब्दिक हो या शारीरिक, को कार्य परिवेश से दूर रखें



# BE THE CHANGE

# कार्यकारी सारांश

### स्थान (उदाहरण के लिए रिकॉर्डिंग स्टूडियो, लाइव पर्फॉर्मेन्स के स्थान, कॉन्फ्रेंस के स्थान)

- दुराचरण को प्रतिबंधित करने वाले नियमों को विकसित करें, उनके पोस्टर बनाए, उन्हें लागू करें और उन्हें संविदात्मक अनुबंधों में शामिल करें
- कृतियों, लाइन अप और पसंद में विविधता सुनिश्चित करने का वादा करें
- दुराचरण का अनुभव करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए गोपनीय सहायता उपलब्ध कराएं (उदाहरण के लिए यूके में Ask For Angela (आस्क फॉर एंजेला)अभियान)

### लाभ-निरपेक्ष संगठन

- क्रिएटरों को कुछ कार्यक्रमों के लिए जिस वेतन की अपेक्षा करनी चाहिए उसके लिए पहुँच योग्य, क्राउड सोर्स की हुई ऑनलाइन मार्गदर्शिका के विकास का नेतृत्व करें
- युवा महिलाओं और लिंग विस्तारक क्रिएटरों के लिए अनुदान की व्यवस्था करें (उदाहरण के लिए, PRS फाउंडेशन की Women Make Music)
- संगीत व्यवसाय के बारे में शैक्षिक संसाधन प्रदान करें और युवा महिलाओं और लिंग विस्तारक व्यक्तियों (उदाहरण के लिए, सामान्य प्रवेश) का समर्थन करें और सभी युवा व्यक्तियों को लैंगिक अंतर और विविधता के मूल्य के बारे में शिक्षित करें
- विविधता, समानता और समावेशन का समर्थन करने वाले व्यवसायों को स्वीकृति देने वाली सुरक्षित लिस्टिंग प्रणालियाँ आयोजित करें (उदाहरण के लिए फ्रांस का ACT RIGHT गुणवत्ता लेबल)

### सरकार, विनियामक और व्यावसायिक निकाय

- यौन शोषण और मारपीट के मामलों में गैर-प्रकटीकरण अनुबंधों के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने वाले कानून विकसित और पारित करें
- नियोक्ताओं के लिए वेतन का रेंज और समानता संबंधी कार्यरीतियों / आँकड़ों को प्रकाशित करना आवश्यक बनाने वाला कानून विकसित और पारित करें

